# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर

## "केविएट - सूचना"

क्रमांक /3869/पेड/विधि/2024 नवा रायपुर, दिनांक - 4 NOV 2024

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन कमांक *02/2024/ परीक्षा/दिनांक 21.10.2024 रोजगार एवं नियोजन में प्रकाशन की तिथि 30.10.2024 द्वारा सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर* गृह (पुलिस) विभाग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु कुल – 341 पद विज्ञापित किए गए हैं।

2/ उक्त विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित पद हेतु चयन प्रकिया प्रारंभ किया जाना है। अभ्यर्थियों द्वारा किसी भी कारण को आधार बनाते हुए आयोग के उक्त परीक्षा के आयोजन, परीक्षा परिणाम एवं अंतिम चयन सूची परिणाम की कार्यवाही को निरस्त करने/स्थगित करने अथवा किसी भी प्रकार के अनुतोष को प्राप्त करने के लिए कोई भी रिट याचिका अथवा कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाती है, तो ऐसी याचिका में उपरोक्त किसी भी प्रकार के अनुतोष को प्रदान किए जाने के पूर्व आयोग को सुनवाई का अवसर प्रदान किए जाने हेतु आयोग की ओर से एक केविएट आवेदन पत्र आयोग के प्राधिकृत अधिवक्ता **डॉ. सुदीप अग्रवाल (मो0नं0– 98267–23750, ईमेल– sudeep_korba@rediffmail.com)** के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, जिस हेतु यह सूचना–पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है।

सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर

पृ. क्रमांक/............./पेड/विधि/2024 नवा रायपुर, दिनांक

प्रतिलिपि :–

आयुक्त, जनसम्पर्क संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़):– कृपया इस केविएट–सूचना को राज्य के दो प्रमुख समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में प्रमुखता से प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
अटल नगर, नवा रायपुर